4

गरीबों का रोजगार छीनकर अड़बंधा तालाब में बना रहे कॉम्प्लेक्स





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आर.बी.सी. 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पैकू निवासी स्व. अंकित राम की कुआं के पानी में डूबने से 19 फरवरी 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता विजय राम हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में 123.3 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से 2 जुलाई तक 1042.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 02 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 1980.1 मिमी हुई है। जिले में अब तक सामान्य का 52.6 प्रतिशत वर्षा दर्ज की गई है। बीते दिवस जिले में 123.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

भू-अभिलेख शाखा के अनुसार 1 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैरू तहसील जशपुर में 107.7 मिमी, मनोरा में 196.1 मिमी, कुनकुरी में 119.5 मिमी, दुलदुला में 62.4 मिमी, फरसाबहार में 55.0 मिमी, बगीचा में 74.1 मिमी, कांसाबेल में 87.1 मिमी, पत्थलगांव में 88.9 मिमी, सन्ना में 203.5 मिमी एवं बागबहार में 48.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा सन्ना तहसील में 203.5 मिमी दर्ज की गई है। 02 जुलाई को सर्वाधिक मनोरा तहसील में 31.8 मिमी वर्षा हुई।

### मिट्टी-मुरुम उत्खनन में लगे जेसीबी-ट्रैक्टर जब्त

**अम्बिकापुर।** अवैध रूप से उत्खनन करने को लेकर हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन करने के बाद बड़ा असर हुआ है। खनिज विभाग ने लुचकी घाट में अवैध मुरुम उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई की है। विभाग ने जेसीबी और ट्रैक्टर को जब्त किया है। इसके साथ ही जिले में अलग अलग स्थानों पर रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बता दें कि लुचकी घाट पर माफियाओं द्वारा जमीन पर कब्जा करने के साथ ही अवैध रूप से मिट्टी मुरुम का उत्खनन किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर हो रहे इस अवैध उत्खनन को लेकर हरिभूमि द्वारा खबर का प्रकाशन किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद खनिज विभाग ने अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर खनिज विभाग की कार्रवाई की गई है।

## दुलदुला में छात्रावास और स्कूल का किया निरीक्षण

# कलेक्टर ने कहा- बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए

**अनुपस्थित विद्यार्थियों के पालकों से स्वयं फोन पर की बात**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने दुलदुला विकासखंड का दौरा कर प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास तथा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दुलदुला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावासों एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री संजय सिंह, एसडीएम कुनकुरी श्री नंदजी पांडे, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने छात्रावासों में बच्चों के रहने के कमरों, स्टोर रूम, स्टाफ की उपस्थिति, हाजिरी रजिस्टर एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पेयजल की समस्या सामने आने पर उसे शीघ्र दूर करने तथा बाथरूम एवं बच्चों के कमरों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावासों में विद्यार्थियों की उपस्थिति की समीक्षा की। उन्होंने प्रवेश प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिन विद्यार्थियों ने प्रवेश लेने के बाद भी छात्रावास में आना शुरू नहीं किया था, उनके पालकों से कलेक्टर ने स्वयं दूरभाष पर संपर्क कर बच्चों को नियमित रूप से छात्रावास भेजने का आग्रह किया। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि शासन द्वारा बच्चों को बेहतर आवासीय एवं शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, इसलिए वे बच्चों की पढ़ाई बाधित न होने दें और उन्हें नियमित रूप से छात्रावास भेजें।



### पालकों व विद्यार्थियों से की चर्चा

कलेक्टर ने विद्यालय में प्रवेश लेने आए पालकों एवं विद्यार्थियों से भी बातचीत की और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ विद्यार्थियों ने प्रवेश तो ले लिया है, लेकिन विद्यालय आना शुरू नहीं किया है। इस पर कलेक्टर ने ऐसे विद्यार्थियों के पालकों से स्वयं दूरभाष पर संपर्क कर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना अभिभावकों और विद्यालय दोनों की साझा जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित आवासीय वातावरण और सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रावास एवं विद्यालय से जुड़ी सभी कमियों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि बच्चों की शिक्षा किसी भी स्तर पर प्रभावित न हो।

### स्कूल का भी किया निरीक्षण

छात्रावास निरीक्षण के बाद कलेक्टर श्री व्यास ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दुलदुला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 12वीं में संचालित कक्षाओं का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से विषयवार अध्ययन, शिक्षण व्यवस्था एवं नियमित उपस्थिति के बारे में पूछताछ की। विद्यालय निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं में स्थापित स्मार्ट टीवी बोर्ड का अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि डिजिटल संसाधनों का नियमित एवं प्रभावी उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और रुचिकर शिक्षा प्रदान करें, ताकि बच्चों की सीखने की क्षमता और बेहतर हो सके।



# स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती: साय

**जशपुरनगर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के मुक्कारावारिपल्ले ग्राम से विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय जिला पंचायत सभागार में जन सम्मेलन सह शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोमती साय उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद भगत तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव शामिल हुए।

■ वीबी जी रामजी का शुभारंभ

इस अवसर पर विधायक श्रीमती साय ने कहा कि वीबी-जी राम-जी मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस मिशन की सबसे बड़ी विशेषता ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ समयबद्ध भुगतान की गारंटी है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को मिशन का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवार इसका लाभ प्राप्त कर सकें।जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि यह योजना ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान रोजगार उपलब्ध कराने की गारंटी के साथ ही निर्धारित समयावधि में रोजगार उपलब्ध नहीं होने पर बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, उप संचालक पंचायत कुसुम बड़ा, स्व-सहायता समूहों के सदस्य, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**समयबद्ध भुगतान की गारंटी-** उप संचालक पंचायत कुसुम बड़ा ने मिशन की जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन के अंतर्गत पात्र परिवारों को अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता ⏭ शेष पेज 4 पर

## सफलता के लिए संघर्ष के साथ सही रणनीति जरूरी

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष प्रेरणादायक सत्र का आयोजन हुआ। इस सत्र में डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा ने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन का अनुभव साझा किया। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन से लेकर डिप्टी कलेक्टर बनने तक के जीवन संघर्ष को साझा किया । सत्र में आगे डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा ने छात्रों के व्यक्तिगत और बौद्धिक विकास के लिए कुछ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी बात की। उन्होंने मेहनत के बाद भी अपेक्षित परिणाम न मिलने पर ठहराव के बजाय रणनीति में बदलाव, समय प्रबंधन के साथ सही प्रयास, संतुलित और सक्रिय मस्तिष्क के साथ अपनी पूरी क्षमता का उपयोग और केवल लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने पर बात करते हुए प्लेटो इफेक्ट, पारेटो का सिद्धांत और रैट स्टोरी के माध्यम से समझाया।



### आर्ट ऑफ मेमोरायजिंग पढ़ने की सलाह

उन्होंने छात्र-छात्राओं को मानसिक रूप से मजबूत बनने और याददाश्त को अपडेट करने के पहलुओं पर बात की। उन्होंने कहा कि अक्सर विद्यार्थियों को किसी विषयवस्तु में आने वाले वर्ष या महत्वपूर्ण तिथियां याद रखने में कठिनाई होती है। तो इसे आसान बनाने के लिए आप उसे किसी काल्पनिक कहानी से जोड़कर एक ट्रिक बना लें और उसे नोट कर लें, इस तरह से याद की गई चीजें आप जल्दी नहीं भूलेंगे।

## सात फेरे होने से पहले दुल्हन मंडप से गायब जेवरात, मोबाइल लेकर फरार होने का आरोप

**जशपुरनगर।** मंडप सज चुका था। बारात पहुंच चुकी थी। शहनाइयों की गूंज के बीच सात फेरों की पूरी तैयारियां हो चुकी थी। तभी शादी से ठीक पहले दुल्हन अपने परिजन के साथ अचानक गायब हो गई। देखते ही देखते शादी का मंडप अखाड़ा बन गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुल्हन पर जेवरात और मोबाइल लेकर फरार होने का आरोप लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के पसिया गांव में एक शादी उस वक्त सनसनीखेज घटनाक्रम में बदल गई, जब फेरे शुरू होने से पहले ही दुल्हन के अपने परिजन के साथ गायब हो जाने से पूरे समारोह में अफरा-तफरी मच गई। जिस मंडप में कुछ ही देर बाद सात फेरे होने थे, वहां अचानक खुशियों की जगह हड़कंप का माहौल बन गया। आरोप है कि दुल्हन अपने साथ शादी के लिए रखे गए सोने-चांदी के जेवर और मोबाइल फोन लेकर चंपत हो गई। काफी देर तक दुल्हन के नहीं मिलने पर दूल्हा पक्ष और रिश्तेदारों ने आसपास उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

दूल्हे के घर में थी शादी- बताया जा रहा है कि शादी की लड़की पक्ष की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने की वजह से लड़के पक्ष के निवास में धूमधाम से शादी कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा था। हल्दी की रस्म 30 जून को थी और 1 जुलाई को शादी का कार्यक्रम था। परिजनों की ओर से लगभग सभी रस्मों की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और दोनों परिवार विवाह की अंतिम तैयारियों में जुटे थे। इसी बीच दुल्हन और उसके परिजन कथित रूप से मौके से निकल गए। घटना की जानकारी मिलते ही दूल्हा पक्ष के होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल बगीचा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।



### जांच के बाद कार्रवाई

फिलहाल दूल्हा पक्ष ने दुल्हन पर आरोप लगाए हैं। दुल्हन किन परिस्थितियों में गई और जेवरात व मोबाइल ले जाने के आरोप सही हैं या नहीं, इसकी पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। दोनों पक्षों से जानकारी जुटाई जा रही है। जांच के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**-राकेश पाटनवार**, एडीशनल एसपी



## जनप्रतिनिधि देंगे नगर विकास में योगदान : भगत

**जशपुरनगर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 8 एवं 14 में संपन्न उपचुनाव के नवनिर्वाचित पार्षदों तथा शासन द्वारा मनोनीत पांच पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी समीर बड़ा ने सभी नवनिर्वाचित एवं मनोनीत पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह में विधायक रायमुनी भगत, पूर्व सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, ओमप्रकाश सिन्हा, नगर पालिका के सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय सहित जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक श्रीमती भगत ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी जिम्मेदारी नगर के समग्र विकास और नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी पार्षद दृढ़ संकल्प और जनसेवा की भावना के साथ नगर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। पूर्व सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि शहर के सर्वांगीण विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों का समन्वित प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता और तत्परता के साथ निराकरण करना जनप्रतिनिधियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

■ पार्षदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**सात पार्षदों ने ली शपथ-** शपथ ग्रहण समारोह में वार्ड क्रमांक 8 से प्रेमलता साहू (भाजपा) तथा वार्ड क्रमांक 14 से प्रिया सिंग (भाजपा) ने नवनिर्वाचित पार्षद के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इसी प्रकार शासन द्वारा मनोनीत पार्षदों में संतोष सिंह, राधेश्याम राम, रूपेश सोनी, ओमप्रकाश नायक एवं नीतू गुप्ता ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण सामरोह के अंत में आभार प्रदर्शन नगर पालिका के अध्यक्ष अरविन्द भगत ने किया।

## जनजातीय समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए आयोग प्रतिबद्ध: लकड़ा

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ. लकड़ा ने जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों से उनकी समस्याएं, सुझाव और शिकायतें विस्तार से सुनीं। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी वैध मामलों का नियमानुसार निराकरण कराया जाएगा। बैठक में विधायक गोमती साय एवं रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय और छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का प्रमुख उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों को न्याय दिलाना, उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना तथा उनके हितों का संरक्षण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से आयोग छत्तीसगढ़ प्रवास पर है, जिसके तहत जनजातीय क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल की जा रही है।

■ राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य ने ली बैठक

उन्होंने कहा कि आयोग केवल शिकायतें सुनने तक सीमित नहीं है, बल्कि जिला प्रशासन के साथ बैठक कर जनजातीय क्षेत्रों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा भी करता है। जिन समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव नहीं हो पाता, उन्हें संबंधित विभागों तक पहुंचाकर न्याय दिलाने का प्रयास किया जाता है। डॉ. लकड़ा ने अपने संबोधन में आदिवासी जननायकों के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान का उल्लेख करते किया। विशेष रूप से हूल क्रांति के अमर सेनानियों सिद्धू, कान्हू, चांद और भैरव के संघर्ष को याद करते हुए उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक विद्रोह के बाद अंग्रेजी शासन को झुकना पड़ा और संथाल परगना टेनेंसी एक्ट (एसपीटी एक्ट) लागू करना पड़ा, जिसने जनजातीय भूमि की सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त किया। डॉ. लकड़ा ने कहा कि यदि किसी गांव में सड़क, बिजली, पेयजल, विद्यालय, शिक्षक, आंगनबाड़ी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है अथवा किसी व्यक्ति के साथ अन्याय, शोषण, जातिसूचक टिप्पणी या अनुसूचित जनजाति अत्याचार से जुड़े मामले सामने आते हैं, तो आयोग ऐसे सभी मामलों की सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय अधिकारों, विकास योजनाओं और सेवा संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए आयोग पूरी गंभीरता से कार्य करता है।

## पहली बारिश में बह गई 4.88 करोड़ की नहर

**रामानुजगंज।** किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित भाला गिरवानी परियोजना पहली ही बारिश में सवालों के घेरे में आ गई है। इस परियोजना का 4.88 करोड़ रूपये का निर्माण कार्य टेंडर के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन निर्माणाधीन कांक्रीट नहर पहली ही मूसलाधार बारिश में कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद निर्माण की गुणवत्ता और विभागीय निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। 5.5 किलोमीटर लंबी कांक्रीट नहर घाघा नदी से निकाली जा रही है जिससे भाला और विजयनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में लगभग 200 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलनी है।

## उपभोक्ता जागरूकता विषय पर बिजली विभाग की बैठक

# बिजली उपभोक्ताओं को दी गई अधिकारों, सेवाओं की जानकारी

**पत्थलगांव।** विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, सेवाओं तथा शिकायत निवारण व्यवस्था के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की ओर से गुरूवार को कार्यपालन अभियंता संचार, संधार संभाग के कार्यालय में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।

फोरम के अध्यक्ष डीके सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अंबिकापुर क्षेत्र की फोरम सदस्य कार्यपालन अभियंता मेरी लिली तिर्की एवं एसपी कुमार अधीक्षण अभियंता कुनकुरी वृत्त भी कार्यशाला में उपस्थित रहे। फोरम के अध्यक्ष डीके सैनी ने बताया कि बिजली बिल की त्रुटि मीटर रीडिंग में गड़बडी विद्युत सप्लाई तथा बिजली संबंधी अन्य समस्याओं का बिजली विभाग द्वारा समय पर निराकरण नहीं किए जाने की स्थिति में उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। फोरम द्वारा सुनवाई के बाद शिकायतों का निराकरण किया जाता है। कार्यशाला में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित स्टैंडर्ड ऑफ परफॉर्मेंस के विभिन्न प्रविधानों तथा सेवाओं में निर्धारित समय-सीमा से अवगत कराया गया। कार्यशाला में संचार-संधारण संभाग पत्थलगांव के कार्यपालन यत्री एसपी मरकाम, जशपुर संभाग के कार्यपालन यत्री विनोद पण्डित, कुनकुरी संभाग के कार्यपालन यत्री बसंत पवार, उपसंभाग पत्थलगांव के सहायक यंत्री कमल किशोर देशमुख, उपसंभाग कांसाबेल के सहायक यंत्री भानू प्रताप पटेल, पत्थलगांव के कनिष्ठ यंत्री अमृत बेक, लुडेग के कनिष्ठ यंत्री शैलेस भगत, कोतबा के कनिष्ठ यंत्री अरूण तिग्गा, कांसाबेल के कनिष्ठ यंत्री स्नेहलता टोप्पो, दोकडा के ⏭ शेष पेज 4 पर



### अधीक्षण यंत्री ने दी जानकारी

अधीक्षण यंत्री एसपी कुमार द्वारा बेहतर विद्युत उपलब्ध कराए जाने तथा लो वोल्टेज की समस्या के निदान हेतु विभिन्न क्षेत्रों में नवीन उपकेन्द्रों की स्थापना के साथ-साथ कुनकुरी के पास ढोढीडांड में 400 के.व्ही. उपकेन्द्र की स्थापना के संबंध में विद्युत उपभोक्ताओं को जानकारी दी गई। अंबिकापुर क्षेत्र की फोरम सदस्य कार्यपालन अभियंता मेरी लिली तिर्की द्वारा बिजली बिल की त्रुटि अथवा विद्युत आपूर्ति संबंधी अन्य समस्याओं को विद्युत उपभोक्ता फोरम के माध्यम से किस तरह निराकरण किया जाना है, विद्युत उपभोक्ता फोरम से संबंधित नियमों के संबंध में विद्युत उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया।

### फरसाबहार उपकेंद्र स्वीकृत

कार्यपालन यंत्री एसपी मरकाम पत्थलगांव द्वारा बताया गया कि क्षेत्र के विद्युत विकास हेतु फरसाबहार में 132/33के.व्ही. उपकेन्द्र स्वीकृत है तथा ग्राम पालीडीह, मदनपुर इंज्को, रेडे, तथा शेखरपुर में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों की स्वीकृति किया गया है, जिससे कि आसपास के क्षेत्रों में निरंतर विद्युत आपूर्ति का क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ प्राप्त होता रहे। उपस्थित सभी विद्युत उपभोक्ताओं से फोरम के अध्यक्ष मान. डीके सैनी द्वारा विद्युत जागरूकता विषय पर विशेष रूप से चर्चा की गई।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास,
गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### रेलवे आरक्षण केंद्रों के संचालन की नई टाइमिंग लागू, प्रातः 8 से शाम 4 बजे तक होगा आरक्षण

**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिलासपुर मंडल के 17 स्टेशनों पर संचालित रेलवे आरक्षण केंद्रों के संचालन समय में बदलाव किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, बिलासपुर के आदेशानुसार नई समय-सारिणी 1 जुलाई से लागू हो गई है। नई व्यवस्था के अनुसार अंबिकापुर रेलवे स्टेशन का आरक्षण केंद्र अब सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक संचालित होगा। पहले यहां आरक्षण केंद्र सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहता था। वहीं बिश्रामपुर और बैकुंठपुर रेलवे स्टेशनों के आरक्षण केंद्र अब सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे। पहले बिश्रामपुर में आरक्षण केंद्र सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहता था। बिलासपुर रेल मंडल के जिन 17 स्टेशनों के आरक्षण केंद्रों की समय-सारिणी में बदलाव किया गया है, उनमें अंबिकापुर, अकलतरा, अनूपपुर, नैला, सक्ती, उमरिया, अमलाई, बिजुरी, बैकुंठपुर, बिरसिंहपुर, बिश्रामपुर, बुढ़ार, चंदिया, करगी रोड, खरसिया, कोतमा और मनेंद्रगढ़ स्टेशन शामिल हैं। नई समय-सारिणी के अनुसार सभी केंद्रों पर आरक्षण कार्य किया जाएगा।

### कलेक्टर ने छात्रा को प्रदान किए बैग एवं गणवेश, छात्रावास की भी होगी व्यवस्था



**सूरजपुर।** बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन ने संवेदनशील पहल करते हुए एक जरूरतमंद छात्रा के उच्च शिक्षा के सपनों को नया संबल प्रदान किया है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने गोवर्धनपुर निवासी छात्रा स्वाति मरावी को बैग एवं गणवेश प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना दी तथा पूरे मनोयोग और लगन के साथ अध्ययन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि छात्रा ने पारिवारिक आर्थिक कठिनाइयों के कारण पढ़ाई प्रभावित होने की जानकारी देते हुए जिला प्रशासन से सहयोग का अनुरोध किया था। मामले पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने त्वरित शिक्षा विभाग को त्वरित आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके तहत छात्रा को गणवेश एवं बैग उपलब्ध कराया गया है। साथ ही छात्रावास में प्रवेश, पाठ्य-पुस्तकों की उपलब्धता तथा फीस की व्यवस्था सुनिश्चित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। वर्तमान में स्वाति मरावी शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है।

### स्व. जंघेल को ठेकेदारों ने दी श्रद्धांजलि



**सूरजपुर।** खैरागढ़ के ठेकेदार गणेश्वर जंघेल द्वारा भुगतान लंबित होने के कारण आत्महत्या करने से पूरे प्रदेश के ठेकेदारों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। जिले के पीएचई ठेकेदार संघ ने आज स्व जंघेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौन धरना कर अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। ठेकेदारों ने समय पर भुगतान, लंबित बिलों के शीघ्र निपटारे तथा विभागीय प्रक्रियाओं के सरलीकरण की मांग उठाई। ठेकेदारों ने कहा कि विभाग द्वारा भुगतान नहीं करने पर ठेकेदार आत्महत्या करने मजबूर हो रहे है। यही हाल रहा तो और ठेकेदार आत्महत्या करने मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान ठेकेदारों ने कहा कि भुगतान में लगातार हो रही देरी के कारण निर्माण एवं रखरखाव कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ठेकेदारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन एवं विभाग से जल्द समाधान निकालने की बात कही। प्रदर्शन के पश्चात ठेकेदारों ने संबंधित अधिकारियों को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ठेकेदारों ने कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की माँग की। इस दौरान अंकित गर्ग, अंशुल गोयल, कलवंत गोयल, मुकेश गोयल आदि शामिल रहे।

### आगामी 6 दिनों तक होगी अच्छी वर्षा

# मौसम हुआ अनुकूल, दो दिन में 52 मिमी से अधिक वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले एक पखवाड़े से अवर्षा की स्थिति से जूझ रहे सरगुजा संभाग के किसानों को दो दिनों से हो रही बारिश से कुछ राहत मिली है। बारिश होने के बाद एक बार फिर किसान खेती के कार्यों में जुट गए हैं। मौसम विज्ञानी मानसून के लिए अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने के साथ ही आगामी 6 दिनों तक अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**
- मानसून ने पकड़ी गति, कृषको को मिली राहत

पिछले पांच दिनों से सरगुजा में शांत पड़ा मानसून अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने के बाद आषाढ़ का महीना शुरू होते ही अपनी यात्रा पर अग्रसर हो गया है तेज गति से अगे बढ़ रहा है। उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण एवं पंजाब से खाड़ी तक विस्तारित मौसमी द्रोणिका वहीं खाड़ी से अरब सागर तक विस्तारित दूसरी द्रोणिका के प्रभाव से लगातार नमी पहुंच रही है। मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले दो दिनों से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही गरज-चमक के साथ वर्षा हो रही है। हालांकि आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ दिन में तेज गरज-चमक होने का क्रम पिछले एक सप्ताह से चल रहा है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की घटनाओं के साथ ही छिटपुट बारिश भी हुई है लेकिन संभाग का बड़ा इलाका बारिश से निष्प्रभावी रहा। मौसम में आए बदलाव के बाद मंगलवार से शहर सहित संभागभर में बारिश हो रही है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को 24.4 मिमी जबकि बुधवार को 28.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश होने की भी सूचना है। मानसून के प्रभावी होने के बावजूद वर्षा नहीं होने के कारण खरीफ खेती के लिए बड़ा संकट उत्पन्न हो गया था तथा स्थिति से क्षेत्र के किसान निराश हो गए थे। लोग मानसून की शुरूआत में ही इस बार सूखा पड़ने की संभावना जता रहे थे। तेज धूप निकलने के कारण धान का बीड़ा,मक्का सहित अन्य फसलों के पौधे सूखने लगे थे। बारिश से फिलहाल सूखे का संकट टल गया है तथा निराश हो चुके किसानों में फिर से खरीफ खेती के प्रति रूचि जग गई है। किसान खेती की तैयारियों में जुट गए हैं।



बारिश के दौरान सूनसान सड़क।

#### लो-प्रेशर के प्रभाव से होगी अच्छी वर्षा

मौसम विज्ञानी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में हलचल शुरू हो गई है तथा बांग्लादेश में खाड़ी के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के 3 जुलाई को कम दबाव क्षेत्र में बदलने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी लो-प्रेशर के प्रभाव से आगामी 6 दिनों तक अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी मानसून के शुरूआती दिनों में प्रायः हर साल कुछ व्यवधान निर्मित होने एवं बाद में अच्छी वर्षा होने की बात कह रहे हैं। वर्तमान में हो रही बारिश से धान की नर्सरी लगाने एवं बुनाई के कार्यों में तेजी आने की उम्मीदें जताई जा रही है। मानसून काल में अब तक 162 मिमी जबकि जुलाई के दो दिनों में 52.8 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

#### रोपाई के लिए इंतजार

कुछ किसानों ने स्वयं के सिंचाई साधनों के बल पर धान की नर्सरी तैयार कर ली है तथा रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक हुई वर्षा से खेतों की प्यास भी नहीं बुझ सकी है। बारिश होते ही खेतों का पानी सूख जा रहा है। कृषि विज्ञानियों के अनुसार 200 मिमी वर्षा का आंकड़ा पूरा होने के बाद खेतों की प्यास बुझेगी तथा क्यारियों में पानी जमना शुरू होगा। ऐसे में किसानों को धान की रोपाई के लिए अभी कुछ दिन का इंतजार करना पड़ सकता है। कृषि वैज्ञानिक खरीफ फसलों की बुनाई एवं धान की नर्सरी लगाने के लिए वर्षा को अनुकूल बता रहे हैं।

#### निर्मित हैं अनुकूल परिस्थितियां

मानसून के अग्रसर होने की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित हैं। मानसून छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार को पार कर गया है तथा देश के तीन चौथाई राज्यों की यात्रा पूरी कर चुका है। आगामी दो दिनों में शेष बचे राज्यों में आगे बढ़ने की अनुकूल स्थितियां बनी है। खाड़ी में बन रहे लो-प्रेशर के प्रभाव से आगामी दिनों में अच्छी वर्षा होने की संभावना है।

-अक्षय मोहन भट्ट, मौसम विज्ञानी

## पशु तस्करी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



पुलिस ने पशु तस्करी के मामले में दो और फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने मामले में 12 भैंस, एक पिकअप वाहन और एक ब्रेजा कार भी जब्त की है।

पुलिस के मुताबिक 11 जून को मुखबिर की सूचना पर पिकअप क्रमांक यूपी 65 क्यूटी 1375 में 12 भैंसों को क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर वाहन से उत्तर प्रदेश ले जाने के दौरान ग्राम गोपालपुर के पास घेराबंदी कर पकड़ा। जांच में पशुओं का अमानवीय तरीके से परिवहन पाया गया। मौके से चालक अशोक गिरी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके साथी फरार हो गए थे। जब्त भैंसों को ग्राम बासेन स्थित गौशाला में सुरक्षित रखा गया है। इसी बीच मुखबिर की सूचना के आधार पर पहले सलमान उर्फ शहजाद आलम को गिरफ्तार किया गया था। वहीं अब फरार चल रहे ग्राम चकिया निवासी अभिमन्यु गिरी आ. दिलीप गिरी (23 वर्ष), निखिल गिरी आ.जोगेंद्र गिरी(26 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। वहीं मामले में शामिल फरार अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कार्रवाई में एएसआई अशोक तिर्की, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक प्रतीक नेताम, दयाराम वट्टी, आरक्षक रुपेश गुप्ता एवं सैनिक शैलेंद्र गुप्ता सक्रिय रहे।

## रामगढ़ महोत्सव से लौट रहे युवकों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रामगढ़ महोत्सव से वापस लौट रहे युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक ने लगभग एक दर्जन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में 7 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में घायल एक किशोर की मौत हो गई जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है।

- पांच घायलों का उपचार जारी

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिल के महंगई श्रीनगर निवासी 15 वर्षीय विकास आ. रिन्नु अगरिया अपने मामा 20 वर्षीय छोटे लाल सहित गांव के लगभग एक दर्जन युवकों के साथ 30 जून को रामगढ़ महोत्सव देखने के लिए आया हुआ था। दिनभर रामगढ़ मेला में घूमने के बाद सभी पैदल ही अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान उदयपुर थाना अंतर्गत झिरमिटी के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चालक युवकों को टक्कर मारने के बाद भाग निकला। इस घटना के बाद युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना स्थल के समीप मौजूद किराना दुकान के संचालक ने पुलिस को इसकी सूचना दी। डायल 112 और संजीवनी 108 एम्बुलेस के माध्यम से घायलों को उपचार के लिए उदयपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से सभी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। घायलों में से विकास अगरिया की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि छोटे लाल, दिनेश, देव प्रसाद, अजय, किलो सहित अन्य का उपचार चल रहा है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

## नौगई घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग, आईजी को सौंपा ज्ञापन



**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज ने कोरिया के ग्राम नौगई में हुई हृदयविदारक घटना की कड़ी निंदा करते हुए आईजी को ज्ञापन सौंप मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं बिना किसी बाहरी दबाव के जांच कराने की मांग की है।

पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की घटनाएं सामाजिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती हैं इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक दोषियों के विरूद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए ताकि समाज में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास बना रहे और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जांच प्रक्रिया में किसी भी सामाजिक, राजनीतिक अथवा अन्य संगठन का अनावश्यक हस्तक्षेप न होने दिया जाए तथा जांच अधिकारियों पर किसी भी प्रकार का बाहरी दबाव न बनाया जाए। साथ ही कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यकता अनुसार जनसभाओं, रैलियों एवं भीड़ एकत्रित करने वाले कार्यक्रमों पर नियंत्रण रखा जाए। समाज ने यह भी मांग कि है कि जांच के दौरान संबंधित परिवारो, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को बिना उचित कारण अनावश्यक पूछताछ का हिस्सा न बनाया जाए तथा जिन व्यक्तियों का घटना से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है, उन्हें अनावश्यक रूप से थाने में बैठाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित न किया जाए। सोशल मीडिया एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से भड़काऊ, उत्तेजक एवं समाज में वैमनस्य फैलाने वाले वक्तव्य देने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई करने की मांग की है। समाज ने शासन द्वारा प्रकरण की सीबीआई जांच कराने तथा जांच से पूरे प्रकरण के सभी तथ्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सामने आने वहीं निर्दोष व्यक्तियों को न्याय मिलने की उम्मीद जताई है।

### नए जनपद सीईओ संजय दुबे ने किया पदभार ग्रहण

**कुसमी।** जनपद पंचायत के नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे द्वारा शासन के आदेशानुसार कुसमी जनपद पंचायत पहुंच कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के पद पर भार ग्रहण कर सुचारू रूप से कार्यों का संपादन कर लिया गया है। पूर्व में भी संजय दुबे मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर कुसमी जनपद पंचायत में अपनी सेवाएं संपादित किया गया है। जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक सोनी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## शाला प्रवेश उत्सव में अव्यवस्था पर भड़कीं सामरी विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के दौरान मंच की बैठक व्यवस्था को लेकर उस समय माहौल गर्मा गया, जब कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा व्यवस्था देखकर नाराज हो गईं। विधायक ने मंच के सामने रखी नेमप्लेट को स्वयं हटाकर किनारे कर दिया और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए भविष्य में ऐसी लापरवाही नहीं दोहराने के निर्देश दिए।

- अधिकारियों को लगाई फटकार

विधायक ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला कार्यक्रम है, इसलिए व्यवस्थाओं में इस प्रकार की चूक स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधियों के सम्मान और कार्यक्रम की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्य देख रहे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जतरू राम नागदेव ने विधायक के सामने हाथ जोड़कर अपनी गलती स्वीकार की और बेहतर व्यवस्था का आश्वासन देते हुए माफी मांगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह ने भी मंच व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नियमित विकासखंड शिक्षा अधिकारी के अस्वस्थ होने के कारण सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन मंच और नेमप्लेट की व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं की गई। वरिष्ठता के अनुरूप बैठने की व्यवस्था नहीं होने से स्थिति बनी, जिसके बाद विधायक ने अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।विवाद के बाद कार्यक्रम पुनः सामान्य रूप से प्रारंभ हुआ। शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्प देकर स्वागत किया गया। कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्रों को गणेश व पुस्तक तथा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी जतरू राम नागदेव ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से जन्म प्रमाण पत्र, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने की बात कही, ताकि शासकीय योजनाओं का लाभ बच्चों को समय पर मिल सके। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, नपं अध्यक्ष धरम सिंह, उपाध्यक्ष एवं स्थायी शिक्षा समिति के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, रवि प्रताप मरावी, एसडीएम देवेंद्र प्रधान, जनपद सीईओ संजय दुबे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### अजबनगर में नवप्रवेशी बच्चों को कराया गया शाला प्रवेश



**बिश्रामपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजबनगर में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कर कक्षा पहली, छठवीं व नवमी के नव प्रवेशी बच्चों को चंदन तिलक लगा मिष्ठान खिलाकर पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप सरकार ने सभी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने की अपील करते हुए सभी छात्रों से खूब मेहनत करने व शिक्षकों और पालकों से अपनी समस्याओं को बताने की बात कही। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती विरजानिया केरकेट्टा, प्रदीप सरकार, अर्जुन सिंह, श्यामल दास, शिक्षक विनय ठाकुर, दुर्गा साहू, संध्या तिवारी, सीमा सिंह, ममता वर्मा, सीमा सिंह, एलएन तिवारी, रश्मि श्रीवास्तव, नवीन जैन, अनीता वर्मा, बृजेश, विवेक साहू, आशीष वर्मा, निरंजन एक्का व अन्य उपस्थित थे। मंच संचालक शिक्षिका पोशाक बेहरा ने किया।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत, महिला समेत दो घायल

**अंबिकापुर।** अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो का उपचार जारी है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत परसवारपारा निवासी 42 वर्षीय शंकर आ. स्व. पुरषोत्तम लकडा 30 जून को अपनी पत्नी बालपति के साथ प्रतापपुर खडगवां जाने के लिए निकला था। इस दौरान महान नदी के पुल पर सुबह लगभग आठ बजे अज्ञात ट्रक का चालक बाइक सवार दम्पति को टक्कर मारकर फरार हो गया। इस घटना में घायल दम्पति को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां शंकर लकड़ा की मौत हो गई जबकि पत्नी का उपचार जारी है। वहीं दूसरे मामले में कमलेश्वरपुर निवासी 21 वर्षीय बाल कुमार आ. स्व. मंगल मांझी 30 जून को अपने दोस्त विनोद मांझी के साथ सामान लेने नर्मदापुर जा रहा था। इस दौरान दोपहर दो से तीन बजे के बीच अज्ञात वाहन का चालक बाइक सवारों को टक्कर मारकर फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए नर्मदापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया था जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान बाल कुमार की मौत हो गई जबकि विनोद का उपचार जारी है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है।

### सेवानिवृत्ति पर करारोपण अधिकारी हनुमान प्रसाद को दी गई विदाई

**भैयाथान।** जनपद पंचायत के सभाकक्ष में मंगलवार को करारोपण अधिकारी हनुमान प्रसाद दुबे के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों ने उनके लंबे सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। समारोह में जनपद अध्यक्ष सुलोचनी पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह एवं जनपद पंचायत सीईओ विनय गुप्ता ने हनुमान प्रसाद दुबे को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने कहा कि हनुमान प्रसाद दुबे ने अपने कार्यकाल में पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। समाज कल्याण विभाग में कार्य करते हुए उन्होंने शासन की योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कार्यशैली और व्यवहार हमेशा प्रेरणादायी रहेगा। विदाई समारोह में अपने संबोधन के दौरान सेवानिवृत्त करारोपण अधिकारी हनुमान प्रसाद दुबे भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत भैयाथान में करीब 11 वर्षों तक सेवा करने का अवसर मिला, इस दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों से मिले सहयोग एवं स्नेह को वे हमेशा याद रखेंगे। कार्यक्रम को प्रकाश दुबे, अभय प्रताप सिंह सहित सीईओ विनय गुप्ता ने भी संबोधित किया।

## अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सख्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण करने वालों पर अब सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। खनिज अमला एवं जिला स्तरीय टास्कफोर्स द्वारा खनिजों के खनन, परिवहन एवं भण्डारण से प्रभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में 27 जून को खनिज अमला द्वारा तहसील रामानुजनगर क्षेत्र में खनिज वाहनों की जांच के दौरान रामानुजनगर बाजार के पास खनिज गिट्टी से भरी 1 हाईवा को जब्त कर थाना रामानुजनगर के सुरक्षार्थ रखा गया। इसके पश्चात 28 जून को क्षेत्र के ग्राम देवीपुर से खनिज बोल्डर परिवहन के 2 प्रकरण तथा ग्राम रूनियाडीह-नमदगिरी सीमा के पास स्थित रेत घाट से रेत परिवहन के 1 प्रकरण दर्ज कर वाहनों को कोतवाली पुलिस के सुरक्षार्थ रखा गया। भ्रमण के दौरान 30 जून को तहसील भैयाथान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़सरा से खनिज रेत के परिवहन में संलिप्त 2 ट्रैक्टर वाहनों को जब्त किया गया। वहीं 1 जुलाई को ग्राम कुरूवा के पंडित पारा रेत घाट में खनिज रेत उत्खनन में संलिप्त 2 टिपर पर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर थाना बिश्रामपुर के सुरक्षार्थ खड़ी कराया गया। इस प्रकार सतत निगरानी करते हुए विभाग द्वारा विगत सप्ताह खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त कुल 8 वाहनों पर कार्रवाई की है।

- अवैध गतिविधियों में संलिप्त 8 वाहन जब्त

### अवैध रेत उत्खनन एवं भंडारण पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, एक टिपर जब्त



**राजपुर।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा लगातार जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग द्वारा ग्राम नरसिंहपुर में अवैध रेत परिवहन और भंडारण पर कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार ग्राम नरसिंहपुर में अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे रेत से भरे एक टिपर को जब्त कर सुरक्षार्थ पुलिस थाना राजपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग के अधिकारी ने बताया कि अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त सभी व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ खनिज नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### डॉक्टर्स डे पर मूकबधिर विद्यालय पहुंचे एसईसीएल के चिकित्सक

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर बुधवार एक जुलाई को एसईसीएल केंद्रीय चिकित्सालय, बिश्रामपुर के चिकित्सकों ने ज्ञानोदय श्रवण बाधित विशेष विद्यालय पहुंचकर बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें खाने का पैकेट वितरित किए। इस दौरान डॉक्टरों ने बच्चों का हालचाल जाना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशेष विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सकों ने बच्चों को केवल खाने का पैकेट ही नहीं, बल्कि स्नेह, अपनापन और प्रोत्साहन भी दिया है। ऐसे प्रयास समाज में संवेदनशीलता और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। केंद्रीय चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सक डॉ. निरंजन कुमार ने बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए विद्यालय प्रबंधन को आश्वस्त किया कि किसी भी बच्चे को स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर केंद्रीय चिकित्सालय में हरसंभव उपचार और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

## भाजपा शहर मंडल द्वारा डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



भाजपा शहर मंडल के तत्वावधान में जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म डी एल पी विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को तकनीक आधारित नए माध्यमों से जोड़ना तथा डिजिटल युग में डिजिटल रूप से अपडेट रहने की संभावनाओं पर चर्चा करना रहा। मुख्य अतिथि भीमसेन अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल लर्निंग से कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी तुरंत प्राप्त होगी तथा कार्यकर्ताओं की पहुंच संगठन के सभी गतिविधियों तक होगी एवं संगठन को भी कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी तुरंत मिल जाएगी। जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने बूथ पर डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा दें। बूथ के अध्यक्ष एवं उनकी पूरी टीम को प्रशिक्षित करें जिससे उन्हें भी संगठन की समस्त जानकारी प्राप्त हो सके। मंडल प्रभारी रितेश जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक बूथ मे कम से कम 50 कार्यकर्ताओ को डिजिटल लर्निंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक है। मंडल सह प्रभारी थलेश्वर साहू ने कहा कि आज के डिजिटल युग में संगठन भी डिजिटल हो गया है इसलिए हम सब कार्यकर्ताओं को भी डिजिटल लर्निंग को अपनाना अनिवार्य है जिससे हम भी समय के साथ चल सके।



## मुसाफिर कैफे का टीजर रिलीज रोमांटिक अंदाज में नजर आए विक्रांत

**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मैसी जल्द ही नेटफ्लिक्स की नई रोमांटिक फिल्म 'मुसाफिर कैफे' में नजर आने वाले हैं। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म का टीजर साझा किया। इस फिल्म में विक्रांत के साथ वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना अहम भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 24 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'मुसाफिर कैफे' की कहानी भोपाल और मसूरी की खूबसूरत जगहों पर आधारित है। यह तीन ऐसे अजनबियों की कहानी है, जिनकी जिंदगी आगे चलकर एक-दूसरे से जुड़ जाती है। यह फिल्म लेखक दिव्या प्रकाश दुबे के मशहूर उपन्यास पर आधारित है। इसे शरण्य राजगोपाल ने लिखा है और रुचिर अरुण ने निर्देशित किया है।

लाइफ Style

# आयशा

## मुझे मार दो, किस्सा खत्म करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 में नजर आईं एक्ट्रेस आयशा खान ने एक ऐसा दावा किया है, जिसने फैंस को भी चौंका दिया है। आयशा का कहना है कि उन पर किसी ने काला जादू किया और हो सकता है कि वह अभी श्रापित हों।

आयशा ने बताया कि उनके पास एक पार्सल आया। चार दिन से एक शख्स उन्हें फोन कर रहा था और कह रहा था कि उनकी डिलीवरी है। जबकि आयशा के मुताबिक, उन्होंने कुछ ऑर्डर नहीं किया था, और ऐसा कुछ याद भी नहीं था। फिर भी उन्होंने उस डिलीवरी वाले शख्स को घर आने को कहा। उसने आयशा खान को पार्सल दिया। आयशा खान के मुताबिक, उन्होंने डिलीवरी बॉय को मना किया कि पार्सल उनका नहीं है, क्योंकि उन्होंने कुछ ऑर्डर नहीं किया है, पर शख्स ने कहा कि पार्सल उन्हीं के नाम पर है। फिर आयशा ने पार्सल के पैसे पूछे, तो उसने 600 रुपये बताए। आयशा ने पैसे दे दिए और जब पार्सल खोला तो हैरान रह गईं ,क्योंकि अंदर मिट्टी का एक पैकेट था। आयशा ने आर्यमन और योगिता को बताया कि उनके ऊपर किसी ने काला जादू किया है। मिट्टी का पैकेट काले जादू वाला था। वह फिर बोलीं, 'मेरे कहने का मतलब बस इतना है कि अगर आप चाहते हो मेरे पर काला जादू करना चाहते हो, तो आप मुझे थोड़ी सी तकलीफ मत दो। मुझे सीधा ही मार दो। आप मेरा किस्सा ही खत्म करो। मैं भी जाऊं, आपका भी काम हो ये सब थोड़ा थोड़ा करके मत करो। हो



## हॉलीवुड मसाला



### बाल्ड लुक में नजर आए जॉन

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर और पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन जॉन सीना ने अपने हेयर ट्रांसप्लांट ट्रीटमेंट के दूसरे राउंड के बाद सिर मुंडवाकर फैंस को चौंका दिया। एक्टर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर डॉक्टर के साथ मुस्कुराते हुए एक फोटो पोस्ट की और अपने हेयर रेस्टोरेशन प्रोसीजर के बारे में बताने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। जॉन सीना ने दूसरा फॉलिक्युलर यूनिट एक्सट्रैक्शन प्रोसीजर करवाने के बाद एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की। इस अपडेट को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, एफयूई ट्रीटमेंट का दूसरा राउंड और इस बार मैंने सबसे अच्छे रिजल्ट के लिए पूरी कोशिश की।




### टेलर की शादी में खर्च होंगे 189 करोड़ रुपए

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया की सबसे मशहूर, सबसे सफल और सबसे अमीर सिंगर टेलर स्विफ्ट शादी कर रही हैं। मैडिसन स्क्वायर गार्डन में वह ट्रैविस केल्स के साथ कथित तौर पर जुलाई के पहले वीकेंड में विवाह करने वाली हैं। यह कपल शादी की रस्मों और तैयारियों को गुप्त रखने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। अनुमान है कि मैडिसन स्क्वायर गार्डन में टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की कथित शादी पर $10 मिलियन से $20 मिलियन के बीच खर्च आएगा। भारतीय रुपए में यह 94.72 करोड़ से 189.52 करोड़ की भारी-भरकम लागत है। इस खर्च का बड़ा हिस्सा शादी के सेटअप, डेकोरेशन, वेन्यू बुकिंग और खाने-पीने पर खर्च होने वाला है। शादी की तैयारी के लिए मैनहट्टन शहर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बताया जाता है इस दौरान पूरे वीकेंड शहर की कई सड़कों को बंद करने की अनुमति मांगी गई है।



## अल्फा से हटाए गए चाकू गोदने वाले सीन

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स की आने वाली स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' में आलिया भट्ट और शर्वरी लीड रोल्स में हैं। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से मंजूरी मिल गई है, लेकिन हमेशा की तरह सेंसर बोर्ड को कुछ सीन्स में आपत्ति भी थी, जिसमें उन्होंने बदलाव के लिए कहा है। बात करें सेंसर बोर्ड को आपत्ति की, तो धुरंधर और बंगाल फाइल्स जैसी फिल्मों के हिंसक सीन्स से बोर्ड को कोई दिक्कत नहीं थी जबकि भर-भरके इन फिल्मों में ऐसे सीन थे। लेकिन, अल्फा के चाकू से हमले पर आपत्ति हो गई और ऐसे सीन्स पर कैंची भी चल गई। इंग्लिश सबटाइटल वाली इस फिल्म 'अल्फा' के हिंदी वर्जन को यूए16+ सर्टिफिकेट दिया गया है। फिल्म का मंजूर किया गया रनटाइम 140 मिनट और 48 सेकंड (2 घंटे, 20 मिनट और 48 सेकंड) है।



## एक्शन अवतार में दिखीं नयनतारा

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर के बाद अब यश की टॉक्सिक धमाका करने वाली है। लंबे समय से फिल्म का इंतजार हो रहा है। इस बीच फिल्म का के नया टीजार आ गया है जिसमें फिल्म की 5 लीडिंग हीरोइन के लुक से पर्दा हटा दिया गया है। इस डेढ़ मिनट से ज्यादा के टीजर में कियारा अडवानी का खूबसूरत अवतार, नयनतार का एक्शन, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुकमनी वसंत को देखा जा सकता है। साथ ही यश को औरतों के साथ एक्शन सीक्वेंस करते देखा जा सकता है। इस टीजर को 1 घंटे के समय में लाखों लोगों ने देख लिया है। यश स्टारर टॉक्सिक का टीजर 1.41 मिनट का है जिसमें फिल्म की पांचों लीडिंग लेडीज के जलवे दिखाए गए हैं। टीजर का टाइटल है 'लेडीज एंड लेडीज'। टीजर की शुरुआत यश के लव मेकिंग सीन से होती है।

## टीवी मसाला



### लॉकअप सीजन 2 में लौट रहीं क्वीन वीकेंड पर आएगा सबसे बड़ा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाला विवादित रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' पहले दिन से ही चर्चा बटोर रहा है। राम कपूर की बयानबाजी से लेकर आकांक्षा चौधरी और श्रेया कालरा के बीच झगड़ा लगातार ऑडियंस का ध्यान खींच रहा है। हालांकि, इस बीच ही अब शो की पुरानी होस्ट लॉकअप सीजन 2 में धमाल मचाने आ रही हैं, जहां वो ऐसे-ऐसे ट्विस्ट लेकर आने वाली हैं, जिसे जानकर कंटेस्टेंट के पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। फराह खान और रितेश देशमुख भले ही लॉकअप सीजन 2 के जेलर बने हैं, लेकिन कंगना रनौत ओजी हैं। अब विवादित रियलिटी शो में ओरिजिनल क्वीन लौट रही हैं, तो धमाका होना तो लाजमी है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंगना रनौत रियलिटी शो में 'जनता की आवाज' बनकर आ रही हैं। कंगना रनौत ने भी सेकंड सीजन के एक एपिसोड में लौटने की खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "यह शो हमेशा से ही अपने सच को स्वीकार करने के बारे में था, चाहे फिर आप कितने भी अनकंफर्टेबल हो। लॉकअप: सच या सजा फर्स्ट टर्मिनेशन' के वीकेंड एपिसोड में मैं फराह खान और रितेश देशमुख के साथ आ रही हूं। मैं बस यही कह सकती हूं कि हर च्वाइस की एक कीमत होती है।" अब वह कीमत नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स का टर्मिनेशन है या फिर क्या ट्विस्ट आएगा, ये तो वीकेंड पर पता चलेगा। लॉकअप के सीजन 2 में पहले हफ्ते का टर्मिनेशन का वक्त आ चुका है। शो के इस हफ्ते के सुरक्षित टॉप 3 कंटेस्टेंट्स हर्षद चोपड़ा, आकांक्षा चमोला और सुनीता आहूजा ने मिलकर जिन पांच कंटेस्टेंट्स को खतरे में डाला है, उनमें श्रेया कालरा, सूफी मोतीवाला, श्रेष्ठा अय्यर, माधुरी ग्रोवर और रियाज अली का नाम शामिल हैं।

### कश्मीरा ने मेरे पैर पर गिरकर माफी मांगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों शो लॉकअप में नजर आ रही हैं। शो में सुनीता ने अब अपने परिवार यानी कृष्णा



अभिषेक और कश्मीरा शाह को लेकर बात की। सुनीता ने बताया कि वह 14-15 साल बाद दोनों से मिलीं कुछ दिनों पहले और कश्मीरा ने उनके पैर पर गिरकर माफी मांगी थी। सुनीता ने शो में कहा, 'लाफ्टर शेफ पर मैं गई न तो कृष्णा और मेरा पैचअप हो गया 14-15 साल बाद। मैंने उसके बच्चे को भी नहीं देखा था, वो अब 9 साल के हो गए हैं जबकि मैंने कृष्णा को तो पाला था। लेकिन कश्मीरा के बारे में बता दूं कि वह बहुत स्वीट है। उसने पैर पर गिरकर रो-रोकर माफी मांगी। मैं भी रोने लगी थी क्योंकि 14 साल बाद मैं उनसे मिली और उन्हें देखा। कश्मीरा मेरे पैरों पर थी और कहा सॉरी मेरे से गलती हो गई।

## काम मिलेगा या नहीं, अपनी क्षमताओं को लेकर इनसिक्योर हैं अभिषेक

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में 26 साल पूरे किए हैं। उनकी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' 2000 में रिलीज हुई थी और इसी फिल्म से करीना कपूर ने भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। हाल ही में एक बातचीत में अभिषेक ने अपने सफर को याद किया और बताया कि कैसे इतने साल में एक एक्टर के तौर पर उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। अभिषेक ने एक एक्टर के तौर पर खुद में आए सबसे बड़े बदलाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बस एक ही बदलाव आया है कि अब मैं ज्यादा कम्फर्टेबल महसूस करता हूं। मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तो थोड़ी असहजता थी। लेकिन, अब कैमरे के सामने मैं ज्यादा कम्फर्टेबल रहता हूं। जब आप जैसे हैं वैसे ही रहते हैं और खुद में सहज महसूस करते हैं, तो आपको उन फैसलों के बारे में स्पष्टता मिलती है जो आपको लेने होते हैं।



आज मैं बहुत स्पष्ट हूं या यूं कहूं कि पिछले पांच से सात साल से कि किसी खास समय पर मुझे क्या नहीं करना है। कॅरियर की शुरुआत में बहुत उत्साह होता है और काम मिलेगा या नहीं, इसे लेकर असुरक्षा भी होती है। इसलिए जो भी काम मिलता है, आप उसे कर लेते हैं। अभिषेक ने उन इनसिक्योरिटीज के बारे में भी बात की जिनका सामना अक्सर एक्टर्स को करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने साथियों की सफलता को लेकर कभी असुरक्षा महसूस क्यों नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मैं क्लियर होता हूं कि मुझे यह नहीं करना है। इसका मतलब है कि मैं निश्चित रूप से यह करना चाहता हूं। इसलिए, इसमें बहुत ज्यादा पक्का इरादा होता है और यह एक तरह की परिपक्वता और शांति से आता है। मुझे लगता है कि इससे आपके काम में भी मदद मिलती है। अब हम हर जगह नहीं भटकते। मैं कभी भी इस बात को लेकर इनसिक्योर एक्टर नहीं रहा कि 'वह क्या कर रहा है'।


हर प्रेमी का फेवरेट है पुराना रोमांटिक सॉन्ग, राज कपूर पर फिल्माया गया था गीत

## 60 सालों से कल्ट क्लासिक बना हुआ है मुकेश का ये गाना...

**नई दिल्ली।** मुकेश हिंदी सिनेमा के उन चुनिंदा गायकों में से एक थे, जो आजाद भारत से पहले सिनेमा की आवाज बने थे। उन्होंने अपने शानदार सिंगिंग करियर में एक से बढ़कर एक गीत को आवाज दी थी। आज भी उनके द्वारा गाए गए नगमों को श्रोता खूब सुनना पसंद करते हैं। इस आधार पर हम आपको मुकेश के एक कल्ट क्लासिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 60 सालों से प्यार की परिभाषा बयां कर रहा है। आइए जानते हैं कि यहां कौन से गीत के बारे में जिक्र किया जा रहा है।

### राज कपूर -मुकेश की जोड़ी

1945 में बतौर गायक मुकेश ने अपनी नई पारी का आगाज किया। हालांकि, वह सिनेमा जगत में एक्टर बनने आए थे, लेकिन कुछ मूवीज को करने के बाद उन्हें पता लग गया था कि एक्टिंग में उनका भला नहीं हो सकता। अभिनेता राज कपूर संग मुकेश की जोड़ी काफी हिट रही थी और उन्होंने राज साहब के लिए कई यादगार गीत भी गाए। उनमें से एक सॉन्ग रहा- सजन रे झूठ मत बोलो...



### शैलेंद्र ने लिखा था गीत

राज कपूर और वहीदा रहमान स्टारर फिल्म तीसरी कसम का ये गाना आज भी कल्ट माना जाता है। रोमांटिक सॉन्ग के तौर पर प्यार में पड़ा हर शख्स इसे सुनना पसंद करता है। साल 1966 में आई तीसरी कसम फिल्म की सफलता में मुकेश के सजन रे झूठ मत बोलो... गाने ने अहम योगदान दिया था। गौर किया जाए तीसरी कसम के सजन रे झूठ मत बोलो गाने की मेकिंग की तरफ तो इस गीत को मुकेश की गायिकी के अलावा संगीतकार शंकर-जय किशन की जोड़ी ने अपनी धुनों से तैयार किया, जबकि सॉन्ग के लिरिक्स को गीतकार शैलेंद्र ने अपनी कलम से लिखा था। इस तरह से मुकेश का सजन रे झूठ मत बोलो... बनकर तैयार हुआ।

### एक्टर के तौर पर शुरू किया था कॅरियर

बतौर गायक मुकेश करीब 3 दशक तक सिनेमा जगत में एक्टिव रहे। इस दौरान उन्होंने 1300 से अधिक गानों को अपनी आवाज दी थी। अन्य सिंगर्स की तुलना में ये संख्या कम इस वजह से लगती है, क्योंकि मुकेश का शुरुआती कॅरियर एक एक्टर के तौर पर शुरू हुआ था, ना कि एक गायक के रूप में।

हॉलीवुड-मूवीज भी दिखाएंगी दम, बॉलीवुड में मिलेगा एक्शन-कॉमेडी का डबल डोज

## इस माह होगी फिल्मों की बारिश, अल्फा से लेकर धमाल 4 तक जमाएंगी रंग

*__नई दिल्ली।__ कभी रिमझिम फुहार, तो कभी झमाझम बारिश होगी, कभी सिर्फ टिप-टिप करके पानी बरसेगा। यह सारे नजारे जुलाई के महीने में देखने को जब-तब मिल जाएंगे। सिनेमाघरों में भी फिल्मों की बारिश जुलाई महीने में भरपूर होगी, कहने का मतलब है कि कई फिल्में थिएटर में रिलीज होंगी। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ तक के बड़े स्टार की फिल्में दर्शकों को एंटरटेन करने की कोशिश करेंगी।*

**अल्फा:** आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर और शिव रावल निर्देशित स्पाई ड्रामा और एक्शन से भरपूर फिल्म 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म में बॉबी देओल और अनिल कपूर जैसे एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

**बेबी डू डाई डू:** हुमा कुरैशी की फिल्म 'बेबी डू डाई डू' भी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में हुमा कुरैशी का अलग अंदाज दर्शकों को देखने को मिलेगा। वह एक फीमेल किलर का रोल कर रही हैं। फिल्म को नचिकेत सामंत ने निर्देशित किया है।

**धमाल 4:** इंद्र कुमार निर्देशित और अजय देवगन स्टारर फिल्म 'धमाल 4' भी थिएटर में दस्तक देगी। इसमें एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। अपनी कॉमेडी के लिए यह फ्रैंचाइज जानी जाती है। इस बार देखना होगा ये दर्शकों को हंसा पाते हैं या नहीं। यह फिल्म 10 जुलाई को थिएटर में रिलीज होगी।



**द इंडिया स्टोरी** श्रेयस तलपदे स्टारर फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' 24 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म को चेतन डीके ने निर्देशित किया है। फिल्म में काजल अग्रवाल भी हैं। बड़ी फिल्मों के अलावा कुछ अलग कहानी कहती बॉलीवुड फिल्में भी जुलाई में रिलीज होंगी। इसमें 'उत्तर दा पुतर' और 'तेरा यार हूं मैं' 24 जुलाई को रिलीज होंगी।

### साउथ फिल्में भी मचाएंगी धमाल

*बॉलीवुड फिल्मों के अलावा साउथ की फिल्में भी पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होंगी। कई फिल्मों की चर्चा भी सोशल मीडिया पर हो रही है।*

**नागबंधम** : यह फिल्म 3 जुलाई 2026 को देश और दुनिया भर के थिएटर में रिलीज होगी। विराट कर्णा और नाभा नतेश स्टारर यह एक माइथोलॉजिकल एक्शन एडवेंचर फिल्म है। इसे तेलुगु, तमिल और हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज किया जा रहा है। इस फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक नामा हैं।

**राव बहादुर:** वेंकटेश महा निर्देशित फिल्म 'राव बहादुर' भी 3 जुलाई को रिलीज होगी। इस तेलुगु साइकोलॉजिकल ड्रामा फिल्म में सत्यदेव लीड रोल में हैं।



**विश्वम्भरा:** मेगास्टार चिरंजीवी की यह फिल्म 10 जुलाई को रिलीज होगी। इसे मल्लीदी वशिष्ठ ने निर्देशित किया है। फिल्म में तृषा कृष्णन, कुणाल कपूर और आशिका रंगनाथ जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

**लेनिन:** अखिल अक्किनेनी और भाग्यश्री बोर्से की तेलुगु एक्शन फिल्म 'लेनिन' 10 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म को मुरली किशोर अब्बुरु ने डायरेक्ट किया है।

